प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान से सम्मानित डा. केसरवानी

पंतनगर। 06 सितम्बर 2020। शिक्षक दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, डा. अमित केसरवानी, सस्य विज्ञान विभाग को 'टीचर ऑफ द ईयर-2020' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दिव्य हिमगिरी समिति, देहरादून और वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली योग, मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार तथा यूकोस्ट, उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। इस सम्मान समारोह के लिए विभिन्न श्रेणी में प्रदेश से कुल 262 नामांकन प्राप्त हुए। यह सम्मान डा. केसरवानी को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए दिया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित वेबिनार 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं हमारे शैक्षणिक संस्थानों की वर्तमान स्थिति' पर भी चर्चा की गयी। इस कार्यक्रम का संचालन दिव्य हिमगिरी के संपादक एवं आयोजन सचिव, श्री कुंवर राज अस्थाना, ने किया।

डा. केसरवानी ने यह सम्मान सभी मार्गदर्शक गुरुओं को समर्पित किया। डा. केसरवानी को विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं सहयोगियों ने बधाई दी।

डा. अमित केसरवानी एवं उनके द्वारा प्राप्त सम्मान पत्र।